महत्वपूर्ण एवं खास

अलग-अगल क्षेत्र से दो नाबालिग बालिका हुए लापता

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना कोतवाली में 17 वर्षीय बालिका के दिनांक 04.06.19 .को लापता होने की रिपोर्ट बालिका की मां द्वारा दर्ज कराया गया है । बालिका की मां ने बताया कि दिनांक 01.06.19 को किसी अंजान नम्बर से मोबाईल पर कॉल आया था जिसने लडकी को सम्भाल कर रखना बोला जिसकी बातों को ध्यान नहीं दी । दिनांक 04.06.19 के दोपहर लड़की अपने उपयोग के समान लेकर घर का दरवाजा बाहर से बंद कर बिना बताये कहीं चली गई । बालिका के परिजनों को शंका है कि बालिका लुक-छिप कर उस अज्ञात मोबाईल नम्बर के धारक से बातचीत की जिसके द्वारा नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले गया है । परिजन के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अप.क्र. 424/19 धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

वहीं थाना खरसिया में 14 वर्षीय बालिका के दिनांक 04.06.19 के रात्रि घर से बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट उसके पिता द्वारा दर्ज कराया गया है । बालिका के पिता ने बताया कि दिनांक 04.06.19 की रात्रि बालिका घरवालों के साथ गांव में नवधा रामायण देखने गई थी और आकर अपने कमरे में सो गई । सुबह घरवालों ने देखा तो बालिका घर पर नहीं थी। इन्हें शंका है कि गांव का अकरम अली बालिका को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है । परिजन के रिपोर्ट पर थाना खरसिया में संदेही के विरूद्ध अप.क्र. 240/19 धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरी, बेहोश पडे चालक को राइनो स्टाफ ने अस्पताल पहुंचाया

न्याय साक्षी/रायगढ़। सारंगढ़ राइनो को रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर मुड़ियाडीह नंदेली मोड़ के लिए रवाना किया गया । जहां मोटरसाइकिल का चालक धरमदास महंत पिता घसिया दास उम्र 29 वर्ष निवासी दुर्गापाली थाना डबरा अपनी मोटर सायकल से नियत्रंण खोकर रोड़ किनारे झाड़ियों पर गिरकर फंसा हुआ था , जिसे अंदरूनी चोट आने से बेहोशी की हालत में था जिसे डायल 112 के आरक्षक शशीकांत चौहान व आरक्षक घनश्याम बरेठ द्वारा ERV वाहन में बिठाकर सीएचसी सारंगढ़ में इलाज के लिए भर्ती कराये।

पुलिस महिला रक्षा टीम ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा बच्चों एवम महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोदय राजेश अग्रवाल जी एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद भैया जी के मार्गदर्शन मे महिला रक्षा टीम प्रभारी स.उ.नि. सरस्वती महापात्रे एवम महिला रक्षा टीम के द्वारा ग्राम नवापाली थाना चक्रधर नगर जिला रायगढ़ मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे महिलाओं को उनके अधिकारो की जानकारी देने के साथ साथ लैंगिक अपराध,यौन शोषण, छेड़खानी,घरेलु हिंसा की घटनाओं से बचने के उपाय बताये गए। साथ ही भीडभाड वाले स्थानों पर ट्रेन मे सफर करने के दौरान अपनी एवं अपने समानो की रक्षा किस प्रकार करें ये सभी बातें महिलाओं को डेमो दिखाकर बताया गया।मोबाइल नम्बर 1098, 1091, 112,एवम् 100 की जानकारी दी गई। महिला रक्षा टीम से म.आर.उषा रानी तिर्की,प्रमिला महंत,चमेली सारथी उपस्थित थे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने लगाया कदम का पौधा

पेड़ लगाओ-धरती बचाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील

न्याय साक्षी/रायगढ़। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग एवं जिला सेव फारेस्ट समिति के तत्वाधान में आज इंदिरा बिहार में कलेक्टर यशवंत कुमार ने कदम का पेड़ लगाकर पेड़ लगाओ-धरती बचाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। नीम, महाडगनिया, ऑवला प्रजाति के कुल 22 पौधे लगाए गए और जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल, समाज सेवी रामदास अग्रवाल, जिला सेव फारेस्ट के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने लोगों को अपने घरों के आसपास पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने की अपील की। जिला पंचायत सीईओ चंदन संजय त्रिपाठी, डीएफओ रायगढ़ मनोज पाण्डेय, जनपद सीईओ आशीष देवांगन ने भी पौधा लगाया। इस अवसर पर दिव्य शक्ति संस्था, सहयोग संस्था टीम, वन विभाग के एसडीओ एन.आर.खूंटे, रेंजर आर.सी.यादव, डिप्टी रेंजर राजेश्वर मिश्रा, पत्रकार नरेश शर्मा, सेव फारेस्ट के सचिव मोहसीन खान, सुशील पण्डा उपस्थित थे।

दो ट्रेलर वाहनों भिडंत, केबिन में फंसे चालक को जेसीबी की मदद से राइनो स्टाफ ने निकाला

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतवाली राइनो-1 को लाखा केलो डैम के पास एक्सीडेंट के इवेंट पर रवाना किया गया । इवेंट पर डायल 112 आरक्षक रितेश दीवान मौके पर पहुंचा जहां दो ट्रेलर के आमने-सामने की भिड़ंत पर ट्रेलर वाहन CG 13AD- 6620 का सामने का हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया था जिसमें वाहन का चालक अंदर फस गया था । आरक्षक रितेश दीवान ने जेसीबी वाहन बुलवाकर लोगों की मदद से आहत को बाहर निकाला, आहत का पैर फैक्चर हो गया था तथा अंदरूनी चोटें आने से बेहोश हो गया था । आहत को बेहोशी की हालत में 108 संजीवनी वाहन के माध्यम से केजीएच ईलाज के लिए रवाना किया गया।

विकासनगर के झाड़ियों में लगी आग, फायर व राइनो स्टाफ ने आग को बढ़ने से पहले बुझाया

न्याय साक्षी/रायगढ़। कोतवाली राइनो-1 को फायर के इवेंट पर विकासनगर के लिए रवाना किया गया । विकासनगर के पास गली में दूर तक फैले झाडियों में आग लगी हुई थी, आग आसपास के घरों तक फैले इसके पहले ही राइनो व व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाये ।

मौसमी बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए मधुबनपारा में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित

न्याय साक्षी/रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी के दिशा-निर्देश में ईद उल फितर के अवसर पर गैर संचारी माह के तहत शुगर,उच्च रक्तचाप एवं मौसमी बीमारियों से रोकथाम एवं बचाव के लिए मधुबनपारा में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में उपस्थित शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राकेश वर्मा ने बताया कि राज्य से प्राप्त निर्देशानुसार ईद के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों का बी पी एवं शुगर का जांच एवं उपचार करने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य जीवन शैली को आत्मसात करना स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है ताकि शुगर एवं बीपी जैसे बीमारियां न होने पाए और समय रहते ही इसका इलाज हो जाये। कैम्प में स्वास्थ्य विभाग के तरफ से हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर रामभाठा के समस्त स्टाफ, चलित चिकित्सा इकाई एवं मुस्लिम जमात के अध्यक्ष हाजी शेक कलीमुल्ला वर्षी जी, सचिव कलीम बक्श, अट्टउन्न नबी साबरी, सैयद इफ्तिखार, शेक अतहार हुसैन एवं गुलाब रहमान खान उपस्थित थे।

नेपाल से स्वर्ण लेकर लौटी बाल प्रतिभा कनुप्रिया

» उभरती बैडमिन्टन खिलाड़ी को विधायक ने दी शाबाशी

न्याय साक्षी/रायगढ़। बेटियों को बचाने और उनके हुनर को तराशने की दिशा मे शासन द्वारा 5 बरस पहले शुरु किया गया बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान की सार्थकता अब नगर की बेटियों के नित नई उपलब्धि के रुप मे लगातार सामने आ रही है। शिक्षा के क्षेत्र मे नगर की तीन बेटियों के परचम लहराने के बाद अब खेल के मैदान मे भी बेटियों की कामयाबी ने शोर मचाया है। ऐसी ही एक उपलब्धि का तमगा लेकर शहर की बाल बैडमिन्टन खिलाड़ी बुधवार को शहर लौटी हैं। नेपाल के काठमांडू मे आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता मे सभी को पछाड़कर स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद कनुप्रिया की वापसी पर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। स्वयं नगर विधायक प्रकाश नायक ने राष्ट्रध्वज और पुष्पगुच्छ के साथ कनुप्रिया देवांगन को कांग्रेस भवन मे शाबाशी दी।

कनुप्रिया की इस उपलब्धि पर उसके बैडमिन्टन कोच अकरम खान ने बाल खिलाड़ी की एकाग्रता व सीखने की ललक का जिक्र करते हुये कठिन मेहनत से लक्ष्य तक पहुंचने की जानकारी दी साथ ही कनुप्रिया के उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि गोल्ड मैडल विजेता कनुप्रिया शहर के राइस मिल कारोबारी प्रियंक देवांगन व श्रीमती किरण देवांगन की सुपुत्री हैं तथा शालिनी कॉन्वेन्ट मे कक्षा 6 की छात्रा हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कु0 सी.डी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480